# हरियाणा सरकार ने राज्य के खलािड़ियों के लयि चकित्सा बीमा योजना शुरू की

## चर्चा में क्यों?

**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सहि सैनी** ने राज्य के प्रत्येक खलाड़ी को ₹20 लाख का चकित्सा (मेडकिल) बीमा देने की घोषणा की है। यह घोषणा रोहतक के कलोई गाँव में आयोजति **तीसरी अखलि भारतीय शवि कुमार स्मृत बास्केटबॉल प्रतयोगिता के उद्घाटन समारोह के दौरान** की गई।

**नोट:**

- अखलि भारतीय शवि कुमार स्मृत बास्केटबॉल प्रतयोगिता **स्वर्गीय श्री शवि कुमार को श्रद्धांजल है, जन्हिें खेल और सामाजकि सेवा** के प्रतसिमर्पण के लयि याद कयि जाता है।
- **शवि कुमार स्मृत स्टेडयिम** के वकिस के लयि **₹21 लाख** के वशिष अनुदान की घोषणा की गई।

## मुख्य बदिु

- **एथलीटों के लयि चकित्सा बीमा:**
  - **हरियाणा में सभी पंजीकृत खलिाड़ियों को ₹20 लाख का चकित्सा बीमा मलिगा।**
  - इसका उद्देश्य चोट लगने या चकित्सा संबंधी आपातस्थति में वत्तिय सहायता सुनश्चति करना है।
- नीतगित सुधारों के माध्यम से खेलों को बढ़ावा देना:
  - एथलीटों को नौकरी की सुरक्षा और सहायता प्रदान करने के लयि हरियाणा उत्कृष्ट खलाड़ी सेवा नयिम 2021 लागू कयि गया है।
    - खेल वभिग में 550 नये पद सृजति।
    - 224 एथलीटों को पहले ही सरकारी नौकरयिों में नयुक्त कयि जा चुका है।
    - प्रथम श्रेणी से तृतीय श्रेणी तक के सरकारी पदों पर सीधी भर्ती में आरक्षण।
  - हरियाणा भारत में पदक जीतने वाले खलाड़ियों को सबसे ज़्यादा नकद पुरस्कार देता है। अब तक ₹593 करोड़ की पुरस्कार राश दी जा चुकी है और 298 खलिाड़ियों को नयिमति मानदेय मलि रहा है।
- युवा एथलीटों के लयि समर्थन:
  - राज्य भर में 1,489 खेल नर्सरयिाँ सक्रयि हैं, जो 37,225 युवा एथलीटों को प्रशक्षिण दे रही हैं।
  - मासकि भत्ता:
    - 8-14 वर्ष की आयु के एथलीटों के लयि ₹1,500
    - 15-19 वर्ष की आयु वालों के लयि ₹2,000
  - वर्ष 2014 से:
    - 29,000 से अधकि छात्रों को ₹53.45 करोड़ की छात्रवृत्त प्रदान की गई।

        - 15,634 खिलाड़ियों को खेल उपकरण वितरित किये गये।

- स्कूलों में अनिवार्य खेल:
    - कम उम्र से ही संतुलित शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित करने के लिये स्कूलों में खेल को अनिवार्य बनाया जा रहा है।
    - उद्देश्य: खेलों को न केवल एक पेशे के रूप में, बल्कि जीवनशैली के रूप में भी बढ़ावा देना।
    - टीम वर्क, अनुशासन, त्वरित निर्णय लेने और रणनीतिक सोच जैसे गुणों के निर्माण में बास्केटबॉल जैसे खेलों की भूमिका पर ज़ोर दिया गया।
    - खेलों को एक स्वस्थ, सक्रिय और जागरूक समाज बनाने के लिये आवश्यक माना जाता है।

## हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021

- **हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021** हरियाणा सरकार द्वारा **खेलों को प्रोत्साहन देने**, **एथलीटों का समर्थन करने** और रोज़गार के अवसरों, वित्तीय सहायता और मान्यता के माध्यम से **उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिये शुरू की गई एक नीति है।**
- यह राज्य में खेल को एक स्थायी और सम्मानित कॅरियर बनाने की दिशा में एक व्यापक कदम है।
- नीति की मुख्य विशेषताएँ:
- **एथलीटों के लिये सरकारी नौकरियाँ**:
    - खेल विभाग में **550 नये पद सृजित।**
    - 224 खिलाड़ियों को पहले ही सरकारी पदों पर **नियुक्त किया जा चुका है।**
- **भर्ती में आरक्षण:**
    - राज्य सरकार में **ग्रुप ए से ग्रुप डी के पदों पर** सीधी **भर्ती में** एथलीटों को आरक्षण मिलता है।
- **भारत में सर्वाधिक नकद पुरस्कार:**
    - हरियाणा विभिन्न स्तरों पर पदक विजेताओं को **सबसे अधिक नकद पुरस्कार प्रदान करता है।**
- **मासिक मानदेय:**
    - अब तक **298 शीर्ष प्रदर्शन करने वाले एथलीटों को** उनकी उपलब्धियों के लिये मानदेय प्राप्त हुआ है।
- **छात्रवृत्ति सहायता:**
    - वर्ष 2014 से अब तक खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले **29,000 से अधिक छात्रों को ₹53.45 करोड़ की छात्रवृत्ति** वितरित की जा चुकी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-government-launched-medical-insurance-scheme-for-sportspersons-of-the-state